Bharat Temples

फरियाद मेरी सुनके,
भोले नाथ चले आना,
नित ध्यान धरूँ तेरा,
चरणों में जगह देना,
फरयाद मेरी सुनके,
भोले-नाथ चले आना।।

तुझे अपना समझकर हम,
फरियाद सुनाते है,
तेरे दर पे आकर हम,
नित अलख जगाते है,
क्यूँ भूल गये भगवन,
हमें समझ के बेगाना,
फरियाद मेरी सूनके,
भोले-नाथ चले आना।।

मेरी नाव भंवर डोले,
तुम्ही तो खेवैया हो,
जग के रखवाले तुम,
तुम ही तो मेरी नैया हो,
हे नंदीश्वर स्वामी,
भव पार लगा देना,
फरियाद मेरी सूनके,
भोले-नाथ चले आना।।

तुम बिन ना कोई मेरा,
अब नाथ सहारा है,
इस जीवन को मैने,
तुम पर ही वारा है,
मर्ज़ी है तेरी बाबा,
अच्छा नही तड़पाना,
फरयाद मेरी सुनके,
भोले-नाथ चले आना।।

नैनो में भरे आँसू,
क्यूँ तरस ना खाते हो,
क्या दोष हुआ मुझसे,
मुझे क्यूँ ठुकराते हो,
अब मेहर करो बाबा,
सुन कर ये अफ़साना,
फरियाद मेरी सूनके,
भोले-नाथ चले आना।।

फरियाद मेरी सुनके,
भोले-नाथ चले आना,
नित ध्यान धरूँ तेरा,
चरणों में जगह देना,
फरयाद मेरी सूनके,
भोलेनाथ चले आना।।

Source:
https://www.bharattemples.com/fariyad-meri-sunake-bholenath-chale-aana-in-hindi/

Bharat Temples

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw